**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# बारिश की एक बूंद रात की नींद व दिन का चैन उड़ा देती है...

**डर**

- मर्तोलिया ने विकास खंड के अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियो के साथ क्षेत्र का दौरा किया
- आपदा के इस भयानक रूप को देखकर क्षेत्र में आम जनमानस सहमे हुए है

## आपदा प्रभावितों का जीवन पटरी पर वापस नहीं लौट पाया



**संवाददाता**

मुनस्यारी। बारिश की एक बूंद रात की नींद व दिन का चैन उड़ा देती है। यह बात कहना है मालुपाती, तल्ला हरकोट व रीठा के प्रभावितों का। आपदा की पहली घटना के सवा दो माह के बाद भी आपदा प्रभावितों का जीवन पटरी पर वापस नहीं लौट पाया है। तीनों गांवो के 56 आपदा प्रभावितों ने सरकार से सुरक्षित स्थानों में पुर्नवास करने पर जल्दी अमल किए जाने की मांग की। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने शुक्रवार को विकास खंड के अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया। मालुपाती, तल्ला हरकोट व रीठा क्षेत्र का मुआयना कर प्रभावितों से बातचीत किया।

आपदा ने इस क्षेत्र में जो कहर बरपाया है, उसे देखकर ही डर लगने लगा है। क्षेत्र में आम जनमानस आपदा के इस भयानक रूप को देखकर सभी सहमे हुए है। तीन मीटर गहरे गड्डो को देखकर आपको लग जायेगा कि आम आदमी का दशहत सही है।

जमीन धंस रहा है. कोई भी घर ऐसा नहीं है, जिसके दीवारों में दरारे न पड़ी हो. आवासीय भवन टेड़े हो गये है, जिनमें अब रहने की हिम्मत कोई जुटा नहीं पा रहा है। आठ परिवार अस्थाई रुप से अपना घर छोड़ चुके है तीन घर धवस्त हो गए है।

बारिश की हल्की बूंदाबांदी के आते ही सभी घर को छोड़कर अपना जीवन बचाने के लिए बगल के गांव तथा अपने द्वारा बने टैंट में रहकर जान बचा रहे है। जिपं सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि तीनों गांवो का भू–गर्भीय सर्वे कराकर इन परिवारों को सुरक्षित स्थानों में बसाने के लिए सरकार से बात की जायेगी, उसके बाद आंदोलन से दबाव बनाकर भी समस्याए हल की जायेगी।

जिपं सदस्य ने मनरेगा से सुरक्षात्मक कार्य करने के लिए अधिकारियों को कहा। इस दौरे में हरकोट की ग्राम प्रधान हेमा मेहरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपा देवी, पापड़ी के ग्राम प्रधान चरन सिंह पापड़ा, भूपेन्द्र सिंह मेहरा, प्रकाश राम, ग्राम पंचायत अधिकारी गीता पिमोली,मनरेगा सहायक मीना भंडारी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### राज्य स्तरीय दिशा बैठक सात को

**संवाददाता** रूद्रपुर। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी ने बताया मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार की अध्यक्षता में 07 सितम्बर को प्रातः 11:00 बजे से विडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय दिशा बैठक सचिवालय परिसर देहरादून स्थित बीर चन्द सिंह गढ़वाली सभागार पंचम तल विश्वकर्मा भवन में आयोजित की जायेगी उन्होंने बताया राज्य स्तरीय बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से से प्रतिभाग किया जायेगा उन्होंने बताया संसद लोक सभा एवं राज्य सभा समिति में नामित विधायक तथा राज्य स्तरीय समिति के नामित गैर सरकारी सदस्यों के द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को योजनाओ की सूचना प्रारूप पर हार्ड एवं साफ्ट कॉपी के साथ ससमय विडियो कान्फ्रेसिंग में प्रतिभाग करने को कहा।

### खटीमा क्षेत्र में फैल रहे दिमागी बुखार का डीएम ने लिया संज्ञान

**संवाददाता** रूद्रपुर। जिलाधिकारी रंजना राजगुरू ने खटीमा क्षेत्र में फैल रहे दिमागी बुखार का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में बैठक लेकर दिये आवश्यक दिशा–निर्देश। उन्होंने अधिकारी को आपस में ताल–मेल बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को खटीमा क्षेत्र व जिन क्षेत्रों में पहले भी दिमागी बुखार के लक्षण पाये गये थे उन क्षेत्रों का भी डोर टू डोर सर्वे करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 15 वर्ष तक के कोई भी बच्चा सर्वे के दौरान नही छूटना चाहिये। उन्होने सीएमओ को एएनएम को प्लान के तहत जिम्मेदारी देने व मांनिट्रिंग करने के भी निर्देश दिये।

### हत्या मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**संवाददाता** हरिद्वार। सिडकुल में राजा फैक्ट्री के पास स्थित कब्रिस्तान मे युवक की हत्या करने के मामले में आरोपी की जमानत याचिका प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शहंशाह मोहम्मद दिलबर दानिश ने खारिज कर दी है। शासकीय अधिवक्ता कुशलपाल सिंह चौहान ने बताया कि 1 मई 2019 को सिडकुल थाना क्षेत्र में राजा बिस्कुट फैक्ट्री के पास कब्रिस्तान में एक व्यक्ति की लाश मिली थी। जिसकी पहचान अनिल अवस्थी मूल निवासी शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई थी जोकि सिडकुल स्थित टीसी आई ट्रांसपोर्ट कंपनी के ट्रक पर हेल्पर का कार्य करता था। सूचना मिलने पर मृतक के भाई योगेश अवस्थी ने 3 मई 2019 को सिडकुल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के बाद विकास कुमार पुत्र उत्तम कुमार निवासी लक्ष्मी नगर रावली महदूद सिडकुल को 4 मई 2019 को गिरफ्तार किया था।

## लिपुलेख पर अनहोनी की आशंका देख सीमावर्ती ग्रामीण जागे देर रात तक

**संवाददाता** पिथौरागढ़। लददाख में गहमागहमी के माहौल के बीच चीन ने जनपद पिथौरागढ से लगती चीन सीमा पर सैन्य गतिविधि और बढा दी है। जानकारी के मुताबिक चीन द्वारा लगातार मानव रहित विमान यूएवी से बार्डर तक चक्कर मारता रहा। बता दें कि चीन द्वारा की गई इस गतिविधि के चलते इसी बीच सेना और और आईटीबीपी के जवानों की मुस्तैदी बढा दी गई है। वही सुरक्षा ऐंजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक भारत चीन सीमा के लिपुलेख के पास अनहोनी की डर से सीमावर्ती गांव के ग्रमीणों ने देर रात जागकर रात बिताई है। जानकारी के मुताबिक लददाख में चीन द्वारा ऐसे गतिर्विधि हर दिन किये जाने के समाचार मिलते रहते है। वही सुरक्षा ऐंजेंसियों के माध्यम से जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक

**देर रात के बीच तेज रोशनी देख सेना और आईटीबीपी के जवानों ने बढाई मुस्तैदी**

चीन द्वारा पिथौरागढ सीमा पर चीन द्वारा मानव रहित विमान से टोह लिये जाने की जानकारी सूचना मिली है। देर रात्रि के बीच चीन द्वारा रात आठ बजे से मध्य रात्रि तक टोह लेने की गतिविधि की गई है। वही सीमा पर अचानक देर रात्र में तेज रोशनी दिखने पर सीमा पर भारतीय सेना के जवानों की मुस्तैदी तेज कर दी गई है। सुरक्षा ऐंजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक चीन ने पाला में स्थाई सैन्य छावनी का निर्माण करने के साथ कैलास मानसरोवर के पास लांच पैड तैयार कर मिसाइल की तैनाती किये जाने की गतिविधि उजागर हुई है। वही अब हर मोर्चे पर भारतीय सेना के जवान मौके पर मोर्चा संभाल चुके है।

## लूट की योजना बनाते कार सवार तीन गिरफ्तार

**आरोपियों से चाकू, नकाब व स्विफ्ट डिजायर कार बरामद**

**संवाददाता** हरिद्वार। मुखबिर की सूचना पर कनखल पुलिस ने लूट की योजना बना रहे कार सवार तीन लोगों को गुरूवार की रात एक अपार्टमेंट के बाहर छापा मारकर गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने तीन चाकू, तीन नकाब, दो नम्बर प्लेट सहित बिना नम्बर प्लेट के स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी की योजना बनाना स्वीकार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। कनखल एसओ प्रकाश पोखरियाल ने बताया कि गुरूवार की रात को मुखबिर से सूचना मिली कि जगजीतपुर स्थित चन्द्राचार्य अपार्टमेंट में बिना नम्बर की स्लेटी रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में तीन लोग लूट के इरादे से चन्द्राचार्य अपार्टमेंट में आये हुए हैं, जोकि लूट करने की योजना बना रहे हैं, जिनके पास हथियार भी हैं। इस जानकारी पर जगजीतपुर चौकी प्रभारी राजेन्द्र सिंह रावत सहित पुलिस पार्टी बताये गये चन्द्राचार्य अपार्टमेंट के बाहर पहुंची। जहां पर मुखबिर द्वारा बताये गये रंग की बिना नम्बर की स्विफ्ट डिजायर कार खड़ी थी। पुलिस पार्टी कार की आड़ में कार में बैठे लोगों की बात सुनी जोकि अपार्टमेंट में किसी व्यक्ति के घर में सोना चांदी और नगदी आदि लूटने की योजना बना रहे थे। पुलिस पार्टी ने बिना देरी किये छापामार कर कार सवार तीनों आरोपियों को दबोच लिया।

## समाजिक विकास मंच सुधि संस्था ने गंगासेरी में दिया आत्मनिर्भर बनने का अवसर

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोट**

पिथौरागढ़। विकासखंड मूनाकोट के ग्रम पंचायत गंगासेरी में ओउनजीसी देहरादून के तत्वाधान में सांस्कतिक एवं सामाजिक मंच सुधि संस्था के प्रयासों से तीन दिवसीय जैविक सब्जी उत्पादन व मसालों की खेती के माध्यम से गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

बता दें कि सुधि संस्था द्वारा गांव की महिलाओं को योजना का लाभ उठाने के लिये इस कार्यशाला में विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। सुधि संस्था के इन प्रयसों की गांव की महिलाओं ने खासी



सराहना की है। सुधि संस्था जिले के कई गांवों के ग्रमीणों के इससे पहले भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित कर चुकी है। ओएनजीसी के जय पांडे व गुरूविंदर सिह ने सुधि संस्था के माध्यम से चलाये जा रहे इस प्रशिक्षण कार्यशाला की सराहना करते हुए गंगासेरी की महिलाओं को इस अभियान में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने के साथ संस्था के कार्यो को सराहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ पर गंगरसेरी की ग्रम प्रधान विमला देवी ने सुधि संस्था के प्रयासों की सराहना करने के साथ कहा कि ग्रमीण महिलाओं के ऐसी कार्यशालाएं उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के साथ रोजगार के साधन उपलब्ध कराने में मददगार साबित होगे। कार्यक्रम के दौरान सुधि संस्था के सचिव किशोर पंत ने सुधि संस्था के प्रशिक्षण में आयेजित किये गये कार्यक्रमों पर विस्तार से बताया।

कार्यक्रम का संचालन नवीन पांडे द्वारा किया गया। पांडे ने परियोजना विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला में गांव की 80 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर गांव के तमाम उपस्थित ग्रमीणों को सुधि संस्था के सदस्यों द्वारा मास्क व सेनिटाइजर भी बाटें गये।

## शिक्षा की गुणवत्ता को अध्यापक सुनिश्चित करेंगेः महावीर सिंह

**संवाददाता** हरिद्वार। नई शिक्षा नीति पर विकास खंड स्तरीय वेबीनार का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बहादराबाद के तत्वावधान में किया गया। जिसमें विभिन्न शिक्षाविदों एवं प्रबुद्ध जनों ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर परिचर्चा सुझाव हेतु आयोजित अपनी तरह की अनूठी वेबीनार को खंड शिक्षाधिकारी अजय कुमार चौधरी के संयोजन में आयोजित किया गया। जिसमें ब्लॉक के प्रधानाचार्यों शिक्षकों आदि ने प्रतिभाग किया। अपने संबोधन में अपर शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को अध्यापक सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए सभी माध्यमों में एक समान पाठयक्रम की वकालत करते हुए आईसीटी के अधिक प्रयोग की आवश्यकता पर बल दिया। श्री बिष्ट ने कहा कि शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए एक्ट के बजाय शिक्षा की गुणवत्ता के लिए एक्ट हो। उन्होंने इस आयोजन के लिए बीईओ बहादराबाद अजय कुमार चौधरी की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।